कार्यालय प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, सहारनपुर।

फोन नं0– 0132–2971155 फैक्स न0–0312 2971132
वेबसाइड– www.smmhmedicalcollege.com

संख्या–रा0मे0का0स0 / ई0सी0–1 / विज्ञप्ति / 2025 / 308 दिनांक–30.01.2025

सेवायोजन विज्ञप्ति

उ0प्र0 शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–1, लखनऊ द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या–417600 / 2023 / 71–1001(099) / 171 / 2023 दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 के द्वारा राजकीय मेडिकल कालेज, सहारनपुर में 02 ई0एम0ओ0 के रिक्त पदों पर नॉन पी0जी0 जे0आर0 की भांति वॉक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से संविदा के आधार पर 01 वर्ष अथवा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से तैनात होने, जो भी पहले घटित हो, तक के लिए तैनात / नियुक्ति किये जाने हेतु अनुमति प्रदान की गयी है। उक्त के क्रम में राजकीय मेडिकल कालेज, सहारनपुर में 02 ई0एम0ओ0 के रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु **दिनांक 03.01.2025** को वॉक–इन–इन्टरव्यू आयोजित किये जाते है। अतएव इच्छुक अभ्यर्थियों से वॉक–इन–इन्टरव्यू में प्रतिभाग करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। शासनादेश संख्या–5 / 2019 / 04 / 1 / 2008 / का–2 / 2019 टी सी–1, लखनऊ, दिनांक–13.08. 2019 में दी गयी आरक्षण की व्यवस्था को लागू किये जाने हेतु 100 प्वाइंट रोस्टर के अनुसार रिक्त पदों का विवरण निम्नवत् हैः–

रिक्त पदों पर रोस्टर के अनुसार पदो का विवरण

क्र0सं0	पदनाम	रिक्त पदो की संख्या	श्रेणी
1.	ई0एम0ओ0	01	अनुसूचित जाति–01

अर्हताएं– उक्त पदों पर चयन की कार्यवाही साक्षात्कार (वॉक–इन–इन्टरव्यू) के माध्यम से की जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण–पत्रों एवं छायाप्रतियों की एक प्रति स्वप्रमाणित, अनुभव, आरक्षित श्रेणी का प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र तथा 02 नवीन फोटो, यू0पी0 मेडिकल कांउसिल के स्थायी पंजीकरण सहित **दिनांक– 03.01.2025 को प्रातः 10:00 बजे प्रशासनिक भवन, राजकीय मेडिकल कालेज, सहारनपुर में** उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

शर्तेः– चयनित अभ्यर्थियों को आकस्मिक चिकित्सा अधिकारी के मूल कर्तव्यों, जैसा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सा अधिकारी द्वारा सम्पादित किया जाता है एवं विभागाध्यक्ष / नोडल अधिकारी के निर्देशानुसार विभागीय कार्यो के अतिरिक्त अन्य चिकित्सीय आवश्यकतानुसार भी कार्य करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी पूर्व में किसी संस्था में कार्य कर रहें है तो उस संस्था से **अनापत्ति प्रमाण पत्र** लाना अनिवार्य होगा। शासनादेश संख्या–06 / 2019 / 88 / 71–3–2019–जी–158 / 2017टीसी–1 दिनांक 13 फरवरी, 2029 के अनुसार अभ्यर्थी की आयु साक्षात्कार की तिथि को 40 वर्ष या उससे कम होनी चाहिए। इनकी नियुक्ति 01 वर्ष हेतु की जायेगी तथा इनकी अधिकतम कार्यावधि 03 वर्ष की होगी। ओ0बी0सी0 श्रेणी के अभ्यर्थियों को **नवीनतम जाति** प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा। चयनित अभ्यर्थियों की सूची कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी जाएगी।

उक्त रिक्त पदों पर आवेदन करने हेतु कॉलेज की वेबसाईट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर सभी प्रविष्टियां पूर्ण करते हुए पता, मोबाइल नम्बर एवं हस्ताक्षरयुक्त आवेदन को कॉलेज की ई0मेल आई0डी0–smedicalcollegeab@gmail.~~com~~ in पर दिनांक 02.01.2025 तक अवश्य तक भेज दें। इसके पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। साक्षात्कार के दिन उक्त आवेदन की हार्ड कॉपी सभी संलग्नकों सहित कार्यालय में जमा करा दें।

प्रधानाचार्य,
राजकीय मेडिकल कालेज,
सहारनपुर।

पत्रांकः रा0मे0का0स0 / ई0सी0–1 / विज्ञप्ति / 2025 /   तद् दिनांक।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण 6वां तल, जवाहर भवन लखनऊ को इस आश्य के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को महानिदेशालय की वेबसाइड पर अपलोड कराने की कृपा करें।
2. समस्त विभागाध्यक्ष / नोडल अधिकारी, मेडिकल कालेज, सहारनपुर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सेवायोजन विज्ञप्ति को अपने विभाग के नोटिस बोर्ड पर लगवाने की व्यवस्था करें तथा साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रचार–प्रसार करना सुनिश्चित करें।
3. कुलसचिव / प्रधानाचार्य, मेडिकल कॉलेज, कानपुर, मेरठ, आगरा, झांसी, गोरखपुर, प्रयागराज, अम्बेडकर नगर, कन्नौज, जालौन, बदांयु को इस आश्य के साथ प्रेषित कि वे उक्त सेवायोजन विज्ञप्ति को कार्यालय / छात्रावासों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
4. प्रभारी अधिकारी वेबसाइड राजकीय मेडिकल कॉलेज, सहारनपुर को इस आश्य के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को कॉलेज की वेबसाइड पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।
5. लेखा अनुभाग / अधिष्ठान–प्रथम, राजकीय मेडिकल कालेज, सहारनपुर।
6. नोटिस बोर्ड / सूचना पट्ट हेतु।

प्रधानाचार्य,
राजकीय मेडिकल कालेज,
सहारनपुर।